# सिटी और साउथवेस्ट

सूचना-पत्र (Hindi) जून 2018



सिडनी की नई मेट्रो ट्रेन

# समुदाय की प्रतिक्रिया से Sydney Metro Bankstown लाइन के अपग्रेड कार्य को आकार देने में मदद मिलती है

समुदाय से मिली प्रतिक्रिया के बाद, जब Bankstown लाइन को अपग्रेड करके Sydney Metro रेलवे मानकों के अनुरूप किया जाएगा तो उस दौरान Bankstown लाइन को समय-समय पर बंद किया जाएगा।

122 वर्ष पुरानी T3 Bankstown लाइन के साथ-साथ स्टेशनों की धरोहर संबंधी विशिष्टता को भी Sydney Metro के Sydenham से Bankstown सैक्शन के लिए सामुदायिक प्रतिक्रिया के बाद बनाए रखा जाएगा।

सिडनी के दक्षिण पश्चिम में उपभोक्ता अब और अधिक ट्रेनों, यात्रा में लगने वाले कम समय और स्टेशनों पर अधिक आसान पहुँच के साथ विश्व-स्तरीय Sydney Metro सेवा की उम्मीद कर सकते हैं।

Bankstown लाइन में सुबह के व्यस्ततम समय में वर्तमान में चार से दस ट्रेनें चलती हैं परन्तु Sydney Metro सेवा के शुरू होने पर व्यस्ततम समय में हर एक घंटे में 15 नई एयर-कंडीशन्ड ट्रेनें चलेंगी और व्यस्ततम समय के अलावा की समयावधि में हर घंटे में छः ट्रेनें चलेंगी।

हर स्टेशन के लिए लिफ्ट्स

| स्टेशन | अब लिफ्ट की सुलभता | स्टेशन को अपग्रेड करने के साथ लिफ्ट की सुलभता |
|---|---|---|
| Bankstown | ✓ | ✓ |
| Punchbowl | ✗ | ✓ |
| Wiley Park | ✗ | ✓ |
| Lakemba | ✓ | ✓ |
| Belmore | ✓ | ✓ |
| Campsie | ✓ | ✓ |
| Canterbury | ✗ | ✓ |
| Hurlstone Park | ✗ | ✓ |
| Dulwich Hill | ✗ | ✓ |
| Marrickville | ✓ | ✓ |
| Sydenham | ✓ | ✓ |

## Sydney Metro की नई सेवाएँ

व्यस्ततम समय में हर 4 मिनट बाद

व्यस्ततम समय के अलावा की समयावधि में हर 10 मिनट बाद

Sydney Metro के सभी स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म और ट्रेनों के बीच लेवल एक्सेस होगी – ट्रेन में चढ़ने के लिए अब कोई फ़ासला या सीढ़ी नहीं







sydneymetro.info
1800 171 386
sydneymetro@transport.nsw.gov.au

Sydenham से लेकर Bankstown तक के उपभोक्ता अत्याधुनिक मेट्रो सेवा की सभी विशिष्टताओं का आनन्द लेंगे और साथ ही अपग्रेड निर्माण कार्य के दौरान कम प्रभाव पड़ेंगे।

- प्रत्येक स्टेशन में अपग्रेड कार्य दो साल की बजाए एक साल में पूरा किया जाएगा
- धरोहर संबंधी इमारतों को बनाए रखा और पुन: प्रयोग किया जाएगा
- Bankstown लाइन को कम से कम बार बंद करने के कारण कम बाधाएँ
- छोटे निर्माण क्षेत्र और स्थानीय व्यापारों को कम बाधा
- कम वृक्षों को हटाया जाएगा
- ट्रैफिक में कम बदलाव और रेल पुल अधिकांश समय खुले रहेंगे
- ओवरहेड वायरिंग और मौजूदा ट्रैक जैसी मूलभूत सुविधाओं का पुन:प्रयोग करके कम ट्रैक कार्य




Hurlstone पार्क स्टेशन की चित्रकार द्वारा बनाई तस्वीर

# Sydney Metro - तथ्य

## बारंबारता

2024 में जब सेवाएँ शुरू होंगी, तो आने-जाने वाली दोनों दिशाओं में हर घंटे में कम से कम 15 ट्रेनें चलेंगी, भविष्य में इसका विस्तार करने के लिए बहुत से स्थान उपलब्ध होंगे। T3 Bankstown लाइन के स्टेशनों पर वर्तमान में सुबह के व्यस्ततम समय में प्रति घंटा चार से 10 ट्रेनें चलती हैं।

अब
4-10 प्रति घंटा

Sydney Metro
15 प्रति घंटा

## क्षमता

तीन-घंटे के सुबह के व्यस्ततम समय के दौरान, Bankstown लाइन पर Sydney Metro दोनों दिशाओं में 51,000 लोगों को लेजा सकेगीं – अर्थात वर्तमान समय की तुलना में 15,000 अधिक लोग।

NSW GOVERNMENT

## सार्वजनिक स्वामित्व

स्टेशनों, ट्रेनों और रेलवे ट्रैक जैसी Sydney Metro की मूलभूत सुविधाओं का स्वामित्व NSW की सरकार के पास है।

## सीटिंग

तीन-घंटे के सुबह के व्यस्ततम समय में, Bankstown से सिटी तक की 45 सेवाओं में Sydney Metro 17,000 अधिक सीटें प्रदान करेगी।

17,000
से अधिक सीटें

## अपग्रेड कार्य के दौरान परिवहन

T3 Bankstown लाइन निर्माण-कार्य की अधिकांश अवधि के दौरान खुले रहेंगे।

जब ट्रेनें चल नहीं रही होंगी, तो नियोजित रेल परिग्रह,इसमें रात का समय, शनिवार-रविवार और क्रिसमस में स्कूल की छुट्टियों के दौरान अतिरिक्त रेल कब्ज़ा शामिल है, के दौरान कुछ मुख्य कार्य किए जाएंगे।

प्लेटफॉर्म स्क्रीन दरवाज़े स्थापित करने और लाइन की टेस्टिंग और कमीशनिंग करने के कार्यों सहित अपग्रेड कार्य को पूरा करने के लिए एक बार अंत में तीन से छ: महीने के परिग्रह का प्रयोग किया जाएगा।

अस्थायी तौर पर चलाई जाने वाली बस सेवाओं का प्रयोग करके लोगों को परिवहन सेवा प्रदान की जाएगी।

OPEN

## सीढ़ियाँ और प्लेटफॉर्मों और ट्रेनों के बीच का फ़ासला

Sydney Metro प्लेटफॉर्मों और ट्रेनों के बीच लेवल ऐक्सेस प्रदान करेगा।

मौजूदा प्लेटफॉर्मों का निर्माण तब किया गया था जब 19वीं सदी में स्टीम ट्रेनें Bankstown लाइन का प्रयोग करती थी।

Sydney Metro प्लेटफॉर्मों और ट्रेनों के बीच के फ़ासले को कम करेगा और कुछ स्टेशनों में आम दिखने वाली ट्रेन में ऊपर चढ़ने के लिए छोटी सीढ़ी के प्रयोग को खत्म करेगा।

## Bankstown से आगे

Bankstown के पश्चिम वाले स्टेशनों को Sydney Trains द्वारा सेवा मिलनी जारी रहेगी।

## रेलवे ट्रैक

सिडनी की नई मेट्रो ट्रेनें मौजूदा रेलवे ट्रैक का प्रयोग करेंगी। Sydney Metro ट्रेनों का संचालन सुरक्षित और प्रभावशाली ढंग से करने के लिए ट्रैक के केवल कुछ अनुभागों को ही बदलने की ज़रूरत होगी।

## किराए

सिडनी मेट्रो (Sydney Metro) Opal टिकटिंग का प्रयोग करती है और किराए बाकी के सिडनी जन परिवहन नेटवर्क के समान ही NSW की सरकार द्वारा निर्धारित किए जाते हैं।

# अपग्रेड की गई Bankstown लाइन की मुख्य विशिष्टताएँ

- व्यस्ततम समय में हर चार मिनट में एक एयर-कंडीशनड मेट्रो ट्रेन
- पूरी तरह से सुलभ स्टेशन जिनमें लिफ्ट्स शामिल हैं
- बेहतर CCTV निगरानी कैमरे, प्लेटफॉर्म स्क्रीन दरवाजे, और प्लेटफॉर्म ट्रेन के फर्श के साथ समतल
- सभी ट्रेनें सभी स्थानीय स्टेशनों पर रूकेंगी – सही ट्रेन के लिए कोई प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ेगी
- एक के बाद एक अधिक सेवाओं के कारण प्रतीक्षा करने में कम समय बिताया जाना
- T3 Bankstown लाइन के साथ-साथ मुख्य केन्द्रों के बीच व्यस्ततम समय और व्यस्ततम समय के अलावा की समयावधियों के दौरान सुरक्षित और प्रभावशाली कनेक्शन
- मुख्य रोज़गार और शैक्षिक स्थलों तक यात्रा करने में लगने वाला समय कम होगा




Sydney Metro प्रोटोटाइप स्टेशन


## Central Station तक समय की बचत

अधिक तेज और एक के बाद एक अधिक सेवाओं का अर्थ है कि Sydney Metro से प्रति सप्ताह आपके 75 मिनट बच सकेंगे।

| | वर्तमान में | Sydney Metro | में बचत | 5 दिन की यात्रा करने पर प्रति सप्ताह बचत |
|---|---|---|---|---|
| Bankstown | 35 तक | 28 | 7 तक | 01:15 |
| Punchbowl | 32 तक | 26 | 6 तक | 01:00 |
| Wiley Park | 30 तक | 24 | 6 तक | 01:00 |
| Lakemba | 28 तक | 22 | 6 तक | 01:00 |
| Belmore | 25 तक | 20 | 5 तक | 00:50 |
| Campsie | 23 तक | 18 | 5 तक | 00:50 |
| Canterbury | 20 तक | 16 | 4 तक | 00:40 |
| Hurlstone Park | 19 तक | 14 | 5 तक | 00:40 |
| Dulwich Hill | 16 तक | 12 | 4 तक | 00:40 |
| Marrickville | 13 तक | 10 | 3 तक | 00:35 |
| Sydenham | 11 तक | 7 | 4 तक | 00:35 |


ध्यान दें: समय मिनटों में और प्रति सप्ताह बचत घंटे:मिनटों में

## Bankstown लाइन पर प्रति घंटा और अधिक ट्रेनें




ध्यान दें: सुबह के व्यस्ततम समय में सिटी की ओर

## आसान CBD कनेक्शन




## City Circle एक्सेस

Sydney Metro T3 Bankstown लाइन पर उपभोक्ता Sydney Trains सेवाओं पर स्थानांतरण करके City Circle तक पहुँचना जारी रख पाएँगे। वैकल्पिक तौर पर, Martin Place और Pitt Street मेट्रो स्टेशन St James और Museum स्टेशन से केवल 350 मीटर की दूरी पर हैं।

## Erskineville और St Peters

2017 के ट्रेन टाइमटेबल की शुरूआत के साथ, St Peters और Erskineville स्टेशनों में सुबह के व्यस्ततम समय में लगातार सेवाएँ चलेंगी, St Peters पर हर घंटे आठ सेवाएँ और Erskineville पर हर घंटे में छ: सेवाएँ चलेंगी।

2024 में Sydney Metro के खुलने पर, St Peters और Erskineville स्टेशनों को Sydney Trains द्वारा सेवा मिलनी जारी रहेगी।

मुख्य रोज़गार और शैक्षिक स्थलों जैसे कि Barangaroo, North Sydney, Chatswood और Macquarie University तक नई और सीधी पहुँच प्रदान करेगा।

St Peters और Erskineville पर उपभोक्ता Central तक ऐसी ट्रेन पकड़कर जो मेट्रो को कनेक्ट करती हो, के द्वारा इन क्षेत्रों तक पहुँचने में सक्षम होंगे।

# सिटी और साउथवेस्ट




## समुदाय के लिए सूचना सत्र

प्रौजेक्ट में किए गए बदलाव सब्मिशन (प्रस्तुतियों) और पसंदीदा मूलभूत सुविधा रिपोर्ट में दर्शाए जाएंगे। यह रिपोर्ट जून के मध्य से प्रदर्शित की जाएगी।

समुदाय के सदस्य **sydneymetro.info** वेबसाइट से या हमारे सामुदायिक सूचना सत्रों में आकर और अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं जहाँ प्रौजेक्ट टीम के विशेषज्ञ सदस्य सवालों के जवाब देने के लिए उपलब्ध होंगे।

बुकिंग करने की आवश्यकता नहीं है।

| दिनांक और समय | स्थान |
|---|---|
| शनिवार<br>23 जून 2018<br>सुबह 10 बजे से लेकर<br>दोपहर 2 बजे तक | Canterbury Bankstown Arts Centre<br>5 Olympic Parade<br>Bankstown |
| मंगलवार<br>26 जून 2018<br>दोपहर 3 बजे से लेकर<br>शाम 7 बजे तक | Canterbury-Hurlstone Park RSL<br>Club 20-26 Canterbury Road<br>Hurlstone Park |
| शनिवार<br>30 जून 2018<br>सुबह 10 बजे से लेकर<br>दोपहर 2 बजे तक | Marrickville Town Hall<br>303 Marrickville Road<br>Marrickville |
| बुधवार<br>4 जुलाई 2018<br>दोपहर 3 बजे से लेकर<br>शाम 7 बजे तक | Canterbury League Club<br>26 Bridge Road<br>Belmore |

© Sydney Metro 2018 18115-CSW 06.18

## Bankstown लाइन के समान्तर बने धरोहर वाले स्थान

T3 Bankstown लाइन समृद्ध धरोहरों वाली लाइन है। ऐतिहासिक रिकॉर्ड्स दर्शाते हैं कि यह 108 से 122 वर्ष पुरानी है, जिसमें Sydenham तथा Belmore के बीच स्टेशनों की शुरूआत 1895 में हुई थी और 1909 में लाइन का विस्तार आगे Bankstown तक किया गया था।

प्रौजेक्ट क्षेत्र में सभी स्टेशन धरोहर इमारतों को बनाए रखा जाएगा और इनका पुन: प्रयोग किया जाएगा। इनमें धरोहर के तौर पर सूचीबद्ध सभी ओवरहैड बुकिंग कार्यालय, कॉन्कोर्स और प्लेटफॉर्म इमारतें शामिल हैं।

धरोहर के तौर पर सूचीबद्ध प्लेटफॉर्मों को अधिकांश स्टेशनों पर फिर से समतल किया जाएगा, और Bankstown पर धरोहर के तौर पर सूचीबद्ध प्लेटफॉर्मों पर मामूली समायोजन कार्य किए जाएंगे।




Marrickville स्टेशन 1895

यदि आपको दुभाषिए की सेवाओं की ज़रूरत है, तो कृपया अनुवाद एवं दुभाषिया सेवा (Translating and Interpreting Service) को 131 450 पर संपर्क करें और उनसे Sydney Metro को 1800 171 386 पर फोन करने का निवेदन करें। इसके बाद दुभाषिया अनुवाद में आपकी मदद करेगा।